महाराष्ट्र दूरसंचार परिमंडल ,भा.सं.नि.लि.
प्रशासनिक भवन , 4 थीं मंजिल ,
ए विंग , जुहू तारा रोड,
सांताक्रुज ( पश्चिम ), मुंबई-400054

बीएसएनएल
भारत को जोड़े
तेज़ी से

भारत संचार निगम लि.
(भारत सरकार का उद्यम )
**BHARAT SANCHAR NIGAM LTD**
*(A Govt. Of India Enterprise)*

पत्र सं.ए/रा.भा./2020-2021/तिमाही बैठक/पत्राचार/70 मुंबई दिनांक: 23/10/2020

विषय-राजभाषा कार्यान्वयन समिति के नए कार्यकारिणी सदस्यों के गठन के संबंध में।

जनवरी 2020 में बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति होने की वहज से बहुत सा स्टाफ सेवानिवृत्त हो गया है, जिससे हमारे हिंदी में काम करनेवाले कर्मचारियों में और अन्यथा भी बहुत सी कमी आई है । अब नए परिवेश में नए माहौल में हमें नई विचारधारा के साथ पुन: अपना हिंदी का कार्य आरंभ करना है। इसके लिए यह सोचा गया है कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नई कार्यकारिणी बनाई जाए और इसके सदस्य भी नए चुने जाए । हमें हिंदी का कार्य वही पुराने ढंग से और संसदीय परिप्रेक्ष्य के अनुसार पूरी तन्मयता से करना होगा। कार्यकारिणी में निम्नलिखित सदस्य होंगे। वे राजभाषा कार्यन्वयन समिति की प्रत्येक बैठकों में अनिवार्यता उपस्थित होंगे और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक तिमाही में उनकी राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट अवश्य भेजी जाए। अत: प्रत्येक तिमाही की रिपोर्ट तिमाही समाप्ति पर अगले महीने की तारीख तक अर्थात जुलाई - सितंबर की रिपोर्ट 15 अक्तूबर तक अवश्य भेजी जानी चाहिए। नई कार्यकारिणी की बैठक नवंबर महीने में प्रस्तावित है,उससे पहले सभी सदस्य कृपया संलग्न निर्धारित प्रपत्र में अपनी जुलाई-सितंबर 2020 की रिपोर्ट 31 अक्तूबर 2020 से पहले circlerajbhasha@gmail.com इस ई-मेल पर अवश्य भेज दीजिए।

नव गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे।

| क्र. सं. | पदनाम | |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य महाप्रबंधक | अध्यक्ष |
| 2 | वरिष्ठ प्रधान महाप्रबंधक | उपाध्यक्ष |
| 3 | सभी प्रधान महाप्रबंधक/ महाप्रबंधक/ मुख्य कार्यपालक अभियंता | सदस्य |
| 4 | उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन) | सदस्य |
| 5 | उप महाप्रबंधक (टीआरए/ वित्त और लेखा) | सदस्य |
| 6 | उप महाप्रबंधक ( वित्त एवं योजना) | सदस्य |
| 7 | उप महाप्रबंधक (सीएससी) | सदस्य |
| 8 | सहायक महाप्रबंधक (स्टाफ/भर्ती) | सदस्य |
| 9 | सहायक महाप्रबंधक (स्थापना) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | सहायक महाप्रबंधक (विधि) | सदस्य |
| 11 | सहायक महाप्रबंधक (सतर्कता) | सदस्य |
| 12 | सहायक महाप्रबंधक (जन शिकायत ) | सदस्य |
| 13 | सहायक महाप्रबंधक यूएसओ/ प्रचालन/ स्वीचिंग योजना /केबल योजना /ब्राडबैंड/ एएमसी) | सदस्य |
| 14 | सहायक महाप्रबंधक ( सूचना प्रौद्योगिकी) | सदस्य |
| 15 | सहायक महाप्रबंधक (एन.डब्लू.पी)(सी.एम.) | सदस्य |
| 16 | सहायक महाप्रबंधक (एन.डब्लू.पी)(सीएफए) | सदस्य |
| 17 | सहायक महाप्रबंधक (विपणन एवं बीक्री सीएफए | सदस्य |
| 18 | सहायक महाप्रबंधक (विपणन एवं बिक्री) | सदस्य |
| 19 | सहायक महाप्रबंधक (उद्यम व्यवसाय) मुंबई | सदस्य |
| 20 | सहायक महाप्रबंधक (उद्यम व्यवसाय) महाराष्ट्र | सदस्य |
| 21 | सहायक महाप्रबंधक ( सीपीसी) ? विनियमन | सदस्य |
| 22 | सहायक महाप्रबंधक (टीपी/एनओएफएन) | सदस्य |
| 23 | सहायक महाप्रबंधक ( लीज सर्किट) | सदस्य |
| 24 | कार्यपालक अभियंता ( सीविल) | सदस्य |
| 25 | कार्यपालक अभियंता (विद्युत) | सदस्य |
| 26 | उपमंडल अभियंता (राजभाषा) | सदस्य सचिव |

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

23/10/2020

उप महाप्रबंधक (मा.सं./प्रशासन)
मुख्य महाप्रबंधक दूरसंचार कार्यालय
परिमंडल कार्यालय,मुंबई- 54

# राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट

वर्ष ---------------------------------------- तिमाही------------------------------

कार्यालय/अनुभाग का नाम--------------------------------------------------

**1.राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अंतर्गत जारी कागजात* की स्थिति** (द्विभाषी में अनिवार्य)

(क) जारी कागजात की कुल संख्या -

(ख) इनमें से केवल अंग्रेजी में जारी किए गए कागजात -

* इनमे सामान्य आदेश (general orders) ज्ञापन(memo.) संकल्प(resolutions) अधिसूचनाएं(notifications) नियम(Rules) करार(agreements) संविदा(contracts) टेंडर नोटिस(tender notice) संसदीय प्रश्न(parliamentary question) प्रेस विज्ञप्ति (press communiqués/releases) आदि शामिल है।

2.**हिन्दी में प्राप्त पत्रों की स्थिति**(राजभाषा नियम-5 के तहत हिन्दी पत्रों के उत्तर अनिवार्य रुप से हिन्दी में दिए जाए।)

(क) अनुभागों/डेस्कों में कार्यालय पद्धति मैनुअल के अध्याय 4 पैरा12(1) के अनुसार निर्धारित डायरी रजिस्टर के अनुसार हिन्दी में प्राप्त कुल पत्र -

(ख) इनमें से कितने के उत्तर अंग्रेजी में दिए गए -

3.भेजे गए कुल पत्रों का ब्यौरा:-

| क,ख,ग, क्षेत्र के बारें में नीचे परिभाषा देखे | हिन्दी/द्विभाषी में | केवल अंग्रेजी में | भेजे गए पत्रों की कुल संख्या | हिन्दी/द्विभाषी में भेजें पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| 'क'क्षेत्र | | | | |
| 'ख'क्षेत्र | | | | |
| 'ग' क्षेत्र | | | | |

4.फाइलों में हिन्दी में कार्य-

(क) तिमाही के दौरान लिखी गई टिप्पणियों की संख्या-

(ख) हिन्दी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या -

(ग) अंग्रेजी में लिखी गई टिप्पणियों की संख्या -

5.**तिमाही के दौरान राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से सम्बन्धित अन्य विशिष्ट उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण:** (विवरण संलग्न करें)

कार्यालय/अनुभाग के अधिकारी के हस्ताक्षर-----------------------------------

अधिकारी का नाम ------------------------------

पदनाम------------------------

नोट-

'क'क्षेत्र-अर्थात उत्तर प्रदेश,बिहार,मध्य प्रदेश,राजस्थान,हरियाणा और हिमाचल प्रदेश,दिल्ली राज्यों तथा अंडमान निकोबार द्विप समूह संघराज्य क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालय।

'ख'क्षेत्र-अर्थात महाराष्ट्र,गुजरात,पंजाब राज्यों और चण्डीगढ संघ राज्य क्षेत्र में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालय।

'ग'क्षेत्र-अर्थात 'क' और 'ख' क्षेत्रों में शामिल न किए गए सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालय।

हिन्दी में काम राष्ट्र का सम्मान